Headline: IGNOU to offer share market courses	
Source: Hindustan	**Date:** 26 January 2017

इग्नू में शेयर बाजार की पढ़ाई

नई दिल्ली (व.सं.)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनएसई अकादमी लिमिटेड ने शेयर बाजार से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए इग्नू से करार किया है। इसके तहत सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम पेश किए जाएंगे।

करार के तहत इग्नू सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन डेरिवेट्विस एंड ऑप्शन ट्रेडिंग स्ट्रेटिजीज, सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन सिक्योरिटीज मार्केट व सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन फाइनेंशल मॉडलिंग एंड एल्गोरिदम ट्रेडिंग के पाठ्यक्रम शुरू करेगा। एनएसई पहली बार पत्राचार के जरिये पाठ्यक्रमों की पेशकश करने जा रहा है।